



नवभारत
भोपाल, सोमवार 20 जुलाई, 2026


### एक नजर में



### पहली ही कोशिश में प्रयाग ने पास की परीक्षा

**ब्यावरा 19 जुलाई, का.** मेहनत, आत्मविश्वास और सेल्फ स्टडी के दम पर ब्यावरा के प्रयाग पुत्र जितेंद्र शाक्यवार ने पहली ही कोशिश में नीट परीक्षा में सफलता हासिल की है. 12वीं की पढ़ाई के साथ बिना किसी विशेष कोचिंग के नियमित पढ़ाई करते हुए उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की. उनकी इस सफलता पर परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त की है. सभी ने उनके परिश्रम और लगन की सराहना करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है.

### जाट महासभा की जिला स्तरीय बैठक आज

**पडाना 19 जुलाई,सं.** अखिल भारतीय जाट महासभा और अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के तत्वावधान में सोमवार को जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है. बैठक सुबह 11 बजे राजगढ़ जिले के रामपुरिया खेड़ा में होगी .बैठक में जाट समाज के सभी वरिष्ठजनों और बंधुओं से सादर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है. बैठक का मुख्य उद्देश्य 1 सितंबर को भोपाल में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर लोकदेवता श्री वीर तेजाजी महाराज के बलिदान दिवस तेजा दशमी के अवसर पर 1 दिन का राजकीय अवकाश घोषित करवाना है. आयोजनकर्ता चाहते हैं कि पूरे प्रदेश में अवकाश घोषित कर वीर तेजाजी महाराज के बलिदान को सम्मान दिया जाए. आयोजकों ने सभी समाज बंधुओं से समय का विशेष ध्यान रखते हुए बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसे सफल बनाने की अपील भी की.

### सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया

**सारंगपुर 19 जुलाई, सं.** नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आमजन को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीएमओ दीपक कुमार रानवे के द्वारा दोपहर कालीन सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्डों और मुख्य मार्गों पर चल रहे सफाई कार्य का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था में पाई गई कमियों पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों व सफाई कर्मियों को सुधार लाने के निर्देश दिए. सीएमओ ने नगर वासियों से भी अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में नगरपालिका का सहयोग करें और कचरा हमेशा डस्टबिन या कचरा गाड़ी में ही डालें. कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.


**भूमि बेचना है**
नेशनल हाईवे नंबर 3 बायपास प्रज्ञा सागर शुजालपुर से बाईपास में मुआवजा मिलने के बाद 11 बीघा जमीन बेचना है. सरेड़ी पटवारी
**सम्पर्क करें : 9424406947**
*बिल : 09 अगस्त*


# हाइवे के फ्लाई ओवर पर रील के लिए ड्रायविंग

## हादसों से सबक नहीं : बिना नंबर की बुलेट से रील बनाने के चक्कर में रिस्क को गले लगा रहे

**नगर के बायपास पर मौजूद रोड ओवरब्रिज पर रील के दीवाने बढ़ा सकते हैं परेशानी**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 19 जुलाई, का. नगर के पास से गुजरने वाले नेशनल हाईवे के रोड ओवरब्रिज इन दिनों स्टंट करने वालों, रील बनाने का चस्का रखने वालों, खुद को इंफ्लुएंसर समझने वालों से भरा पड़ा है. बिना नंबर की भारी भरकम रॉयल इनफील्ट बुलेट बाईक के साथ बेखौफ होकर स्टंट और रील बनाने के लिए वीडियो शूट किया जा रहा है. यह सब उस हाईवे ब्रिज पर किया जा रहा है जहां से स्पीड में भारी वाहन और बसें गुजरती है. कुल मिलाकर अपनी और दूसरों की जांन को खतरे में डालकर ये रील्स के लाईक और कमेंट बटोरने की जद्दोजहद में लगे हुए है.**

जानकारी के अनुसार फ्लाई ओवर्स पर इन दिनों कुछ युवक रॉयल इनफील्ड बाईक पर स्टंट करते नजर आ रहे है. बरसते पानी में, गीली सड़क पर बाईक को लहराते हुए नजर आ रहे है. रील्स बनाने के लिए बकायदा बगल में कुछ साथी बाईक पर कैमरा लेकर चल रहे है और पूरी सड़क को घेरे हुए है. बीच सड़क पर बाईक अड़ाकर फोटो शूट भी किया जा रहा है. खास बात यह है कि इससे सबसे से स्थानीय अमला अनभिज्ञ है.

### ना नंबर प्लेट, ना लायसेंस, कैमरामैन साथ में



रील्स बनाने के लिए हाईवे के ब्रिज मजमा जमाने वाले ये युवा और अपने आप को इंफ्लुएंसर्स बनाने वाले नियमों की धज्जियां भी उड़ा रहे है. उनकी बाईक पर ना नंबर प्लेट होती है, ड्रायविंग लायसेंस का पता नहीं है और साथ ही बीच हाईवे पर बाईक को खड़ा कर फोटो शूट चल रहा है. बगल में एक चलती बाईक पर बकायदा कैमरामैन भी चल रहा है. वहां से कई भारी वाहन गुजरते हैं, यदि इस बीच किसी अंधगति से लापरवाहीपूर्वक आने वाले वाहन ने चपेट में लिया तो हादसा हो सकता है, कई बार युवा जान भी गंवा रहे है. इसके अलावा यात्री बसें भी यहां से गुजरती है, पुल के ऊपर इन स्टंट धारियों के कारण कोई बड़ा हादसा हो सकता है.

### यातायात पुलिस ने कहा– बनेंगे चालान

मामले में जिला यातायात प्रभारी देवनारायण पाण्डे को हमने मामले से अवगत कराया. उन्होंने बताया कि ओवर ब्रिज पर ऐसे स्टंट करने वालों के विरूद्ध मुहिम चलाई जाएगी. साथ ही चालानी कार्यवाही की जाएगी. उन्होंने परिजनों से अपील की है कि अपने बच्चों को ऐसे स्टंट हाईवे और पुलों पर करने से रोके. कुछ देर के मनोरंजन और पोस्ट रील बनाने के चक्कर में अपनी और दूसरों की जान खतरे में ना डालें.

### ये कार्यवाही का प्रावधान

बिना नंबर की गाड़ी चलाने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 39/192 के तहत बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने पर 5 हजार से 10 हजार तक का भारी जुर्माना या ज़ब्ती हो सकती है. खतरनाक ड्राइविंग–धारा 184 के तहत दूसरों की जान जोखिम में डालने, स्टंट करने व यातायात बाधित करने पर 10 हजार तक का चालान या कोर्ट का समन हो सकता है. सार्वजनिक उपद्रव व लापरवाही–के प्रावधानों के अनुसार, सार्वजनिक रास्ते पर खतरनाक कृत्य कर लोगों की जान खतरे में डालने (धारा 279) पर कड़ी कानूनी कार्रवाई व गिरफ्तारी का भी प्रावधान है.

### बरायठा के पुल पर हो चुका है हादसा

बीते सप्ताह नरसिंहगढ़ के समीप बरायठा के पुल के नीचे नदी में दो युवकों की डूबने से मौत हो गई थी. वहां से पुल पर उनकी बाईक भी मिली है. बताया जा रहा है कि युवक बाईक से वहां घूमने गए होंगे, पानी में उतरे और संभवतः दोस्तों के साथ बिताए इन पलों को वे मोबाईल भी में रखना चाहते होंगे. लेकिन उन युवाओं की दुर्भाग्यवश डूबने से मौत हो गई. घटना के बाद चारों और शोक व्याप्त हो गया. लेकिन ब्यावरा में बाईक रील बनाने वाले इन मनचलों ने उस घटना से शायद सबक नहीं लिया है.

### भाजपा अजा मोर्चा मंडल की बैठक संपन्न

**सारंगपुर 19 जुलाई, सं.** भाजपा अजा मोर्चा मंडल की कामकाजी बैठक भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई. जिसमे डिजिटल प्रमाणपत्र सभी बूथ के पदाधिकारीगण के बनाने की जानकारी दी एंव संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओ को सक्रियता से काम करने को कहा. इस अवसर पर अजा जिला अध्यक्ष डॉ.विष्णु मालवीय , जिला प्रभारी महेश हाडा , मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ,अजा मंडल अध्यक्ष गोलू वाल्मीकि , रेणुका वंशकार , नरेंद्र कंडारे , बबलू मालवीय , शेलेन्द्र मालवीय , विक्रम अहिरवार , अनिल बागरी , करण गिरजे , बाबू अहिरवार ,रामप्रसाद मालवीय , सुनील वर्मा , दिनेश राणा , रामबाबू अहिरवार , एवं जिला एवं मंडल टीम उपस्थित रहे ,उक्त जानकारी मोहन लववंशी मंडल मिडिया प्रभारी ने दी.

### पॉलीटेक्निक द्वितीय वर्ष में पंजीयन 26 तक

**राजगढ़ 19 जुलाई, का.** श्पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, केमिकल इंजिनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष में रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रारम्भ हो चुके है.

## मदरसा ओरिएंटेशन एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागिता विषय पर सम्मेलन आयोजित



**राजगढ़ 19 जुलाई , का.** जिले के सीका स्थित मदरसा अहिया-उल-उलूम में आज मदरसा ओरिएंटेशन एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागिता विषय पर एक महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य मदरसों में आधुनिक शिक्षा, विधिक जागरूकता, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना था. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर सरफ़राज़ कुरैशी रहे, जबकि अध्यक्षता मुफ़्ती अब्दुल हकीम बैग ने की.नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद अली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.

सम्मेलन के मुख्य वक्ता एवं शिक्षाविद् इरशाद अली ने मदरसों के आधुनिकीकरण तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला. वरिष्ठ अधिवक्ता इरशाद खान, ने विधिक साक्षरता पर अपने विचार रखते हुए संविधान, नागरिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी. नईम खान, पी.एस.सी. कोच ने मदरसे के विद्यार्थियों को आधुनिक अध्ययन तकनीकों, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा सिविल सेवाओं में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए उन्हें उच्च शिक्षा एवं प्रशासनिक सेवाओं में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. मुख्य अतिथि इंजीनियर सरफ़राज़ कुरैशी ने ज़कात के प्रभावी एवं रचनात्मक उपयोग, शिक्षा के क्षेत्र में उसके योगदान तथा सामाजिक समरसता और भाईचारे को सुदृढ़ करने पर अपने विचार व्यक्त किए. संयोजक एवं सूफ़ी इस्लामिक बोर्ड, मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एहतेशाम हसन सिद्दीकी ने राष्ट्रवाद और निर्माण में प्रत्येक नागरिक, विशेषकर मदरसा विद्यार्थियों की सकारात्मक सहभागिता पर बल दिया. अंत में हाफिज सोहेल बेग ने सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम का संचालन शहीद प्रहरी, प्राचार्य द्वारा किया गया.



## सीसीटीवी कैमरों की मदद से बस में बैग चोरी का पर्दाफाश

### ऑपरेशन चक्षु के माध्यम से लगाए थे कैमरे

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 19 जुलाई, सं.** पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है. इसी कडी में पुलिस टीम ने बस स्टैण्ड पर खडी बस से बैग चोरी करने वाले तथा चोरी का माल खरीदने वाले सुनार दोनों आरोपीगणों को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चांदी की पायल, चांदी की कमरबंद कुल चांदी करीब 562 ग्राम, एक मोबाइल एवं एक दो साडिया व कपडे कीमती 62000 रुपये के जप्त कि गई . बीते 08 जुलाई को फरियादिया पूजा गोस्वामी पति दिनेश गोस्वामी उम्र 28 साल निवासी ककरकडिया थाना नलखेडा जिला आगर मालवा का बस स्टैंड सारंगपुर से बस में से कोई अज्ञात व्यक्ति एक बैग चोरी कर ले गया था . घटना की सूचना मिलने पर फरियादिया की रिपोर्ट पर से थाना सारंगपुर पर अपराध क्र. 529/26 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया विवेचना में लिया गया. विवेचना बस स्टैंड व आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से आरोपी की पहचान कर आरोपी रमेश पिता कन्हैयालाल नगर उम्र 40 साल निवासी लसूडिया धाकड़ थाना खुजनेर जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया गया. जिससे चांदी की पायल एवं कमरबंद एवं साड़ी व बैग,जप्त किया किया गया . उक्त मामलें में आरोपी रमेश पिता कन्हैयालाल धाकड उम्र 40 साल निवासी लसूडलिया धाकड थाना खुजनेर को गिरफ्तार किया गया.

### पैरालीगल वालेंटियर्स के साक्षात्कार 24 को

**राजगढ 19 जुलाई, का.** नवीन पैरालीगल वालेंटियर्स के चयन एवं नवीनीकरण के लिए साक्षात्कार 24 जुलाई को आयोजित किए जाएंगे. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ एवं तहसील विधिक सेवा समितियों ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर व जीरापुर में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के साक्षात्कार जिला एवं तहसील स्तर पर सुबह 10 बजे से होंगे.

## अच्छी बारिश की कामना लिए गांव बाहर भोजन किया



नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 19 जुलाई, सं.** नगर में रविवार होटल दुकान बंद रही ,अच्छी बारिश की कामना के लिए गांव पटेल तथा नागरिकों द्वारा पूरे नगर के सभी देवी देवताओं की पूजा अर्चना की .ऐसा माना जाता है कि नगर की सीमा में जितने भी देवी देवताओं का स्थान है वहां पर जाकर सभी की पूजा-अर्चना करने से नगर में सुख समृद्धि तथा अच्छी बारिश होती है. जिससे फसल पैदावार अच्छी होती है. इसी के साथ नगर वासियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर नगर के बाहर खेत कुओं पर जाकर भोजन बनाया तथा पूजा कर भोजन किया. झूला झूल कर बच्चे महिलाएं ने आनंद लिया.

### एक दिन पहले गांव में डोंडी पिटवाई

**बोड़ा 19 जुलाई, सं.** इंद्रदेव को मनाने के लिए नगर बोडा में आज गांव बार भोजन बनाया गया साथी सभी देवी देवताओं का पूजन किया गया तत्पश्चात शाम को समय बिजली माता की पूजन अर्चना की गई साथी अच्छी बारिश की कामना की गई लंबे समय से बारिश न होने के कारण फासले लगी दम तोड़ने जिसके चलते अच्छी बारिश के लिए नगर के सभी देवताओं का पूजन किया गया.

## युवक ने ईमानदारी की मिसाल पेश की

### ग्राम परसुलिया से ब्यावरा आकर दिया खोया हुआ मोबाइल



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 19 जुलाई का.** आईपीएस स्कूल में हिन्दी के शिक्षक मुकेश जाटव अपने निजी काम से पचोर गये थे उधर से लौटते समय उनका मोबाईल जेब से ग्राम परसुलिया के पास में गिर गया था.

ब्यावरा आकर अपनी जेब में देखा तो मोबाईल नहीं था. तुरंत अपने मोबाईल पर फोन लगाया तो धर्मेन्द परमार ने फोन उठाकर कहा कि आपका मोबाईल मेरे पास सुरक्षित है. उन्होंने मोबाईल की जानकारी ली और सीधे परसूलिया से ब्यावरा मुकेश जाटव के निवास आकर मोबाईल को लोटाया. धर्मेन्द्र परमार ने बताया कि उनके पास अपना स्वयं का मोबाईल है और वह एक ईमानदार व्यक्ति है किसी के मोबाईल से कोई बड़ा थोडे ही जो जायेगा. उन्होंने मोबाईल मालिक को ब्यावरा उनके निवास पहुंचकर मोबाईल को लौटाया. उन्होंने बताया कि वे थाने के पास एक निजी किराने की दुकान पर काम करते है.



## सायकिलों का वितरण कर स्कूल में लगाए पौधे

### 31 छात्र-छात्राओं को मिली नि :शुल्क सायकिलें

नवभारत न्यूज

**पडाना 19 जुलाई, सं. मुख्यमंत्री निशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुलावता में 31 छात्र-छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई. साथ ही विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया गया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुलावता भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरवर सिंह भंडारी रहे. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की यह योजना ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित हो रही है. साइकिल मिलने से बेटियां और बेटे दोनों ही समय पर स्कूल पहुंचेंगे और उनकी शिक्षा निर्बाध रूप से जारी रहेगी. इस अवसर पर किसान मोर्चा अध्यक्ष दुर्गेश पंवार, कैलाश जावरिया, कांतिलाल एवं दिनेश नागर ठेकेदार उपस्थित रहे.

इस दौरान विद्यालय परिसर में बरगद, नीम, आम, जामुन के साथ-साथ फलदार, फूलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया. विद्यालय के प्राचार्य एल एन नागर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साइकिल वितरण से विद्यार्थियों को पढ़ाई में सुविधा होगी और पौधरोपण से हमारा परिसर और भी हरित बनेगा.

इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ आर सी नागर, हेमन्त कारपेंटर, संजय जाटव, संतोष मालवीय, फिरोजा अंसारी, कमल सिंह भिलाला, गोवर्धन सिंह मालवीय, प्रेम नारायण वर्मा, बालचंद कुम्भकार, लक्ष्मी नारायण सहित अतिथि शिक्षक गुलाब सिंह नागर, विक्रम मालवीय, कैलाश नारायण सूर्यवंशी, कुलदीप पाटीदार एवं खेल शिक्षक विष्णु प्रसाद लवंशी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामरतन सिंह चौहान ने किया.

**अच्छी खबर** ▶ स्नातक प्रथम वर्ष में एडमिशन प्रोसेस आसान ; छात्रों को मिलेगी राहत

## ब्यावरा कॉलेज में 180 नई सीटें बढ़ीं, बीए को सौ मिलीं

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 19 जुलाई, का.नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेश को लेकर विद्यार्थियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई हैस्र उच्च शिक्षा विभाग ने महाविद्यालय में बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम वर्ष के लिए कुल 180 अतिरिक्त सीटों को मंजूरी दी है. इससे अब अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश मिल सकेगा.**

**अधिक आवेदन के कारण बढ़ी थी सीटों की मांग** – इस वर्ष शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया था. सीमित सीटों के कारण कई विद्यार्थियों को प्रवेश मिलने में कठिनाई हो रही थी.



इस मुद्दे को लेकर छात्र संगठनों ने ज्ञापन सौंपे और आंदोलन भी किए थे. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि प्रवेश के लिए अपेक्षा से अधिक आवेदन आए थे. इसी कारण उच्च शिक्षा विभाग से सीटें बढ़ाने का अनुरोध किया गया था, जिसे विभाग ने स्वीकार कर लिया.

### बीए में 100, बीएससी में 50 और बीकॉम में 30 सीटें बढ़ीं

कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके गुप्ता से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि विद्यार्थी संगठनों द्वारा मांग किए जाने के बाद अभी दो दिन पहले पत्र विभाग को लिखा गया था. इसके बाद जल्द ही संज्ञान लेते हुए विभाग ने अपनी स्वीकृति सीटों में बढ़ौतरी को लेकर प्रदान की है. विद्यार्थियों के लिए यह अच्छी खबर है. अब वेटिंग इससे कम हो जाएगी. नई स्वीकृति के अनुसार बीए प्रथम वर्ष में 100, बीएससी में 50 और बीकॉम में 30 अतिरिक्त सीटें जोड़ी गई हैं. इसके बाद बीए की कुल सीटें 600 से बढ़कर 700, बीएससी की 380 से 430 और बीकॉम की 150 से बढ़कर 180 हो गई हैं. प्राचार्य डॉ गुप्ता ने बताया कि कॉलेज में बैच के अनुसार हमने संतुलन रखते हुए सीटों की मांग की थी. अन्य सुविधाओं को लेकर भी हम पत्राचार अपने स्तर पर कर रहे है. उन्होंने बताया कि एनएसयूआई और अभाविप के सदस्यों ने बीते दिनों अपना मांगपत्र सौंपा था. इसके बाद हमने पत्राचार अपनी ओर से किया. भविष्य में भी यदि स्पेस आदि व्यवस्थाओं को लेकर जरूरत हुई तो हर संभव प्रयास हम करेंगे.